राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
(वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)
निफ्ट कैंपस, छेब, काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश - 176001

दिनांक 24 जून , 2022 को विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यव्रत

दिनांक 24 जून 2022 सायं 12.00 बजे को विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक श्री आकाश देवांगन - निदेशक, निफ्ट काँगड़ा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, काँगड़ा में आयोजित की गई जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :

1. श्री आकाश देवांगन - निदेशक(अध्यक्ष)
2. श्री दिनेश कुमार रांगरा - संयुक्त निदेशक
3. सुश्री अनुनीतारंगरा, सह- प्राध्यापक एवम केंद्र शैक्षणिक समन्वयक(प्रभारी)
4. श्री नीरज कुमार जायसवाल - स० प्राध्यापक
5. सुश्री लवदीप सिंह - स० प्राध्यापक एवं नोडल हिंदी अधिकारी(सचिव)

सर्वप्रथम, नोडल हिन्दी अधिकारी ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया एवं विगत वर्ष के दौरान सभी विभागों द्वारा हिन्दी मे किए कार्यो की समीक्षा की जानकारी दी। और आगामी वर्ष के निम्नलिखित मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

(क) **हिंदी भाषा की पुस्तक खरीद**

समिति के द्वारा कार्यालय में गत वर्ष से लंबित हिंदी भाषा की पुस्तकों की खरीद को निपटारे हेतु विचार विमर्श उपरांत सभी क्रय प्रकियाओं को तय सीमा में खरीदने हेतु एक समिति गठन के दिशा-निर्देश जारी किया गया।

(हिंदी विभाग/ पुस्तकालय विभाग)

(ख) **हिंदी वार्षिक कार्यक्रम**

समिति के समक्ष भारत सरकार के द्वारा तय वार्षिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु विचार विमर्श उपरांत राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित वार्षिक कार्यक्रमों को कार्यालय के काम काज में शत - प्रतिशत प्रयोग सुनिश्चित किया जाने के निर्देश जारी किए गए।

(सभी विभागाध्यक्ष)

(ग) **निफ्ट शब्दावली**

समिति अध्यक्ष के द्वारा निफ्ट तकनीकी शब्दावली निर्माण के विचार का स्वागत किया और इस कार्यक्रम को जल्द से जल्द समाप्त करने के निर्देश जारी किए।

(सभी विभागाध्यक्ष- शैक्षणिक)

(घ) **निफ्ट के द्वारा जारी बिल**

विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने हिंदी के प्रसार- प्रचार हेतु निफ्ट के द्वारा सभी प्रकार के जारी किए जाने वाले बिलों को तुरंत प्रभाव से द्विभाषीय करने हेतु समिति अध्यक्ष के द्वारा निर्देश जारी किए गए ।

(लेखा विभाग/ क्रय विभाग/प्रशासन विभाग)

(ड0) **आवक-जावक / डिसपॅच) पँजिका/ पत्र**

समिति ने संस्थान से जाने वाले सभी पत्र को हिंदी भाषा में भेजने के साथ लिफाफों पर पते केवल हिंदी भाषा लिखने में का प्रस्ताव समिति अध्यक्ष के समुख रखा गया और निदेशक महोदय के द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए नियम की अनुपालन हेतु निर्देश जारी किए।

(सभी विभागाध्यक्ष)

राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान
(वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)
निफ्ट कैंपस, छेब, काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश - 176001

(च) **सेवा पुस्तिका प्रविष्टियों**

समिति अध्यक्ष के द्वारा ने निफ्ट काँगड़ा संस्थान क क्षेत्र में स्थित होने के कारण शत-प्रतिशत कार्यालय काम काज को राज भाषा हिंदी में करने हेतु आदेश जारी किया और सभी कर्मचारीगण की सेवा पुस्तिकाओं में की जाने वाली सभी प्रविष्टियों को शत प्रतिशत राजभाषा हिंदी में किए जाने का निर्देश जारी किया।

(सभी विभागाध्यक्ष/ स्थापना विभाग)

(छ) **ई-प्रशिक्षण**

हिंदी के कामकाज को बढ़ावा देने हेतु आगामी तिमाही में अधिक से अधिक हिंदी कार्यशालाओं के आयोजन का लक्ष्य रखा गया है और सभी नये भर्त्ती कर्मचारियों के लिए ई प्रशिक्षण हेतु निर्देश जारी किए।

(हिंदी विभाग/ प्रशासन विभाग)

(ज) कवि सम्मेलन आयोजन

गत वर्ष में प्रस्तावित कवि सम्मेलन आयोजन हेतु समिति ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित करने के प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया और समिति अध्यक्ष के द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी दी।

(हिंदी विभाग)

लवदीप सिंह

(लवदीप सिंह)
सचिव
विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति